# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 19 आषाढ़, 1941 (श०) / 10 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 215

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 113 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 23 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 14 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 32 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 20 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |
| | | | कुल योग -- | 215 |

बाँध की मरम्मत

'क'-*134. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में अवस्थित बवरैन जमींदारी बाँध क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमींदारी बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक शौचालय का निर्माण

*638. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के ग्रामीण इलाके में गरीबों के पास जमीन की कमी से शौचालय का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे सरकार की पंचायतों को ओ0डी0एफ0 घोषित करने की योजना प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भूमिहीन परिवारों के लिये सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*639. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के मुख्य बाजार में एस0एच0-2 पर वर्ष 2017 में नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ था, परन्तु संवेदक द्वारा आधा-अधूरा कार्य करके छोड़ दिया गया है, जिससे पालीगंज बाजार में बरसात के दिनों में जल-जमाव की स्थिति बने रहने के कारण आवागमन अवरुद्ध रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अधूरे नाले का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*640. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत चैलाहा पंचायत के एन0एच0-28ए शेख अजमुल्लाह के दुकान से रूपलाल मुखिया के घर तक 1.50 किलो मीटर कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनियमितता की जाँच

*641. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखंड के पंचगामा पंचायत में फुलवां कमलदह पईन एवं आहर की खुदाई वर्ष 2016-17 में करायी गयी थी जिसमें आहर का काम मानक के अनुरूप नहीं किया गया तथा पईन की बिना खुदाई कराये ही पूरा भुगतान प्राप्त कर लिया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनियमितता की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 3 जुलाई, 2019 को सदन द्वारा जल संसाधन विभाग में स्थ0 ।

विस्थापितों को लाभ दिलाना

*642. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखंड में विगत दस वर्ष पहले हरदिया जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसमें विस्थापित हुये लोग मूलभूत सुविधाओं यथा मुआवजा आदि से आजतक वंचित हैं जिससे उनकी दैनिक स्थिति दयनीय है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विस्थापितों को चिह्नित कर कबतक नियमानुसार लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी का स्थानांतरण

*643. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत मनरेगा में कार्यरत प्रोग्राम पदाधिकारी एक ही स्थान पर 5 वर्षों से कार्यरत हैं जबकि सरकारी नियम के तहत तीन वर्षों तक एक ही स्थान पर रह सकते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पदाधिकारी का स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क किनारे सुखे पेड़ों को हटाना

*644. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर नगर के मुख्य मार्ग पर तिलका मांझी से जेल रोड एवं एस0 एम0 कॉलेज सड़क के किनारे पेड़ सुख गये हैं, ये सुखे पेड़ बरसात एवं आँधी में गिर जाने पर आवागमन बाधित हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के किनारे से सुखे पेड़ों को कबतक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का जीर्णोद्धार

*645. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के हसनपुर पंचायत, वार्ड नं0 12 में अररिया-रानीगंज एन0 एच0-327 के पास स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास से शुरू होकर गुदड़ी बाजार होते हुये संजय मंडल के घर के आगे हसनपुर पंचायत, वार्ड नं0 12 में रानीगंज-सरसी स्टेट हाईवे-76 तक की सड़क पर लगभग 800 फीट में हमेशा जल-जमाव रहता है, जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क पर नाला का निर्माण कराकर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़कों का पक्कीकरण

*646. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड जीरादेई में ठेपहा-नौतन पथ मकरियार मठिया जाने वाली सड़क तथा तितरा पंचायत के हनुमानगंज से सोना नदी पुल तक जाने वाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट लगवाना

*647. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखण्ड के बुलाकीपुर पंचायत के तहत नजरपुर में स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने से जल का संग्रह नहीं हो पाता है जिससे आस-पास के किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*648. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सहार प्रखण्ड में प्रखण्ड कार्यालय का चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड कार्यालय का चहारदीवारी का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*649. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई एवं बलरामपुर प्रखण्डों को जोड़ने वाली 45 किलोमीटर ग्रामीण सड़क भारी वाहनों के परिचालन के कारण अपने निर्माण काल के दो वर्ष अन्दर ही पूर्णतः जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का अविलम्ब पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*650. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिले के बगहा-2 प्रखण्ड में धरूहट विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत भोलापुर नहर से दाने नहर तक तथा त्रिभौणी से कोइहुआ हरिजन टोली तक सड़क निर्माण हेतु प्रस्तावित उक्त सड़क का निर्माण कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कार्य कबतक प्रारम्भ करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*651. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत फुलहरा पंचायत के पश्चिम खोरवा टोला से कमला बाँध तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण महादलित टोला सहित करीब 2000 आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*652. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखण्ड में सहनगंज गाँव जाने हेतु अभीतक सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं हो सका है, जबकि हसनगंज गाँव जाने वाली कच्ची सड़क में एक करोड़ रुपये की लागत का पुल नदी पर बनकर तैयार है जो सड़क के अभाव में उपयोगिताविहीन है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उपरोक्त पथ पकरीबरावां से हसनगंज होते हुए कचनारूपी पथ का सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण निर्माण करवाना

*653. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहनपुर प्रखंड के दियारा मोड़, डुमरी बाँध से जलालपुर कुरसाहा होते हुए बदियाँ बाँध टोला तक सड़क का आँशिक भाग पथ निर्माण द्वारा अधिगृहित कर समय-समय पर पथ बनवाया जा रहा है, परंतु शेष भाग अधिग्रहण एवं मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गया है, जिससे 50 हजार आबादी एवं 17-18 गाँवों के लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की पूरी लंबाई को अधिगृहित कर पूर्ण निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण

*654. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत फारबिसगंज नगर में सुभाष चौक के चारो ओर पथ निर्माण विभाग का पथ है जिसके बीच से रेल लाइन गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रेल लाइन पर से जब रेल गाड़ी गुजरती है, तो इस व्यस्ततम चौराहे पर बराबर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार फारबिसगंज नगर के उक्त चौराहे पर से जाम की समस्या का स्थायी निदान दिलाने के लिए उक्त रेल लाइन पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*655. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के जाकरपुर चौक से ओलीपुर गाँव होते हुये बागमती नदी के बाँध के ढाल तक सड़क विगत् 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*656. श्री विरेन्द्र कुमार-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखंड के अख्तियारपुर चन्दौली पंचायत में प्रदीप राय के घर से हाई स्कूल होते हुये डोरापार, ताजपुर, समस्तीपुर जोड़ने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाववरोधक कार्य

*657. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के हाथी बन्धा गाँव परमान नदी से विगत् 7 वर्षों से कटाव हो रहा है जिसके कारण 250 परिवार विस्थापित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में कटाव से बचाव हेतु कटाववरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*658. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, रोसड़ा के अधीन माहे से सिंधिया एवं मोतीपुर से एरौत पथों के निर्माण हेतु विभागीय सारी प्रक्रिया एक वर्ष पूर्व पूरी हो चुकी है, परंतु विभागीय शिथिलता के कारण अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*659. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तेतरिया प्रखंड के मनियारपुर पी० एम०

जी० एस० वाई० पथ एवं इण्डेन गैस एजेन्सी से मनियारपुर वृत गाँव तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) वस्तुस्थित यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 850 मीटर है, जो आंशिक ईंटीकृत एवं कच्ची है । यह आरेखन राज्य के किसी भी कोर नेटवर्क में सम्मिलित नहीं है । इण्डेन गैस एजेन्सी पी० एम० जी० एस० वाई० पथ पर अवस्थित है, किन्तु इण्डेन गैस एजेन्सी से मनियारपुर वृत गाँव तक पथ ईंटीकृत एवं कच्ची है । मनियारपुर वृत गाँव की अर्हता की जाँच की जा रही है । तत्पश्चात् अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी ।

--------

सड़क का पक्कीकरण

*660. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के घोरबंकी नयाटोल से लेकर जयनगर प्रखंड के बरही नहर तक जानेवाली सड़क पक्की नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*661. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में औरंगाबाद, फेसर रोड से बेचन बिगहा, ग्राम पंचायत पोखराहाँ के ग्राम-ढंगवा से जैन बिगहा एवं ठेगवाँ से गुलजार बिगहा तक का पथ जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क पुनर्निर्माण कराना

*662. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ में बारे, डिहरा, सोनहन सड़क का निर्माण 14 (चौदह) करोड़ के लागत से हुआ है परंतु गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने के कारण निर्माण के दो माह उपरांत ही सड़क जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आई० टी० आई० केन्द्र खोलना

*663. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल में आई० टी० आई० केन्द्र नहीं है, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने हेतु 40 कि० मी० की दूरी तयकर भागलपुर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल में आई० टी० आई० केन्द्र खोलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से अस्वीकारात्मक है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में निदेशालय पत्रांक 1249, दिनांक 24 मई, 2017 द्वारा भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल में ITI की स्थापना की जा चुकी है। समाहर्ता, भागलपुर द्वारा अंचल कहलगाँव, मौजा कसबा, थाना सं० 267 में खाता सं० 232, खेसरा सं० 488, रकबा 3.71 एकड़ हस्तान्तरित भूमि पर भवन निर्माण हेतु 1792 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा प्रदान की जा चुकी है। उक्त स्थान पर भवन निर्माण का कार्य पूर्ण होने तक उक्त संस्थान का पठन-पाठन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर में संचालित किया जा रहा है।

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*664. श्री शाहनवाज--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के जोकीहाट से दलमालपुर, पूर्णियाँ सीमा तक जानेवाली सड़क जिसकी लम्बाई, 12.30 कि० मी० है, कम चौड़ी होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*665. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ प्रखण्ड अन्तर्गत शर्फुद्दीन पुर, डोम्बा चौक, मैदापुर सड़क 1.5 किलो मीटर तक जर्जर स्थिति में है, जिससे आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि भुगतान करना

*666. श्री (डॉ०) सी० एन० गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगर निगम में 6,071 शौचालय निर्माण में प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है, लेकिन दूसरा किस्त का भुगतान नहीं होने के कारण शौचालय निर्माण कार्य बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शौचालय निर्माण की दूसरी किस्त की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मत

*667. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड मझौलिया के परसा, डुमरिया से बहुअरवा पंचायत चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है,

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती करानें का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 4.3 कि० मी० है । पथ का प्राक्कलन प्राप्त कर लिया गया है, जिसकी तकनीकी समीक्षा की जा रही है। प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

-------------

सड़क को पूर्ण कराना

*668. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखंड के कस्तुरी सराय चौक से पूरब जदुआ चौक तक सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2018 में प्रारंभ हुआ था और कार्य पूर्ण किये बगैर अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*669. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में गौरेया सीमान से बोर बारा होते बसंत खरौना तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नदी से गाद आदि की खुदाई

*670. श्री विरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि उत्तरी बिहार के समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया होकर गंडक नदी में मिलने वाली बलान नदी में गाद, मिट्टी आदि जमा हो गया है, जिससे बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने से तटबंध टूटने के कारण विगत 10--12 वर्षों से बेगूसराय जिला के उत्तरी तेघड़ा, पकठौल, चिलाय, धनकौल, पिपरा, देवास आदि पंचायतों के खरीफ फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की खुदाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*671. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कटरा प्रखंड अन्तर्गत राजघाट से लखनपुर जो REO का सड़क है, वह जर्जर स्थिति में है, जबकि यह सड़क कई गाँवों को जोड़ती है, आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*672. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के झुनी स्तंबरा पंचायत के बेगमपुर लक्खी चैक संथाल टोला से बेगमपुर खाता संस्थाल टोला तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ पूरक राज्य कोर नेटवर्क के क्रमांक 52 पर बेगमपुर खाता संथाली टोला से संथाली टोला नाम से अंकित है, जिसकी लम्बाई 2.75 कि० मी० है । उक्त पथ के निर्माण हेतु डी० पी० आर० शीर्ष एम० एम० जी० एस० वाई० योजना अन्तर्गत तैयार कराया जा रहा है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---------

सड़क का निर्माण

*673. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के रजीगंज पंचायत के सिमल गाछी काली स्थान से भोला बाड़ी गाँव की 2 कि० मी० तक की सड़क जर्जर है, साथ ही उक्त सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बरसात के दिनों में पानी जमा होने से आवागमन पूर्णतः बंद हो जाती है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*674. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड जीरादेई में जीरादेई-आन्दर पथ पर स्थित बड़हुलिया से संजरपुर जाने वाली सड़क तथा जामपुर करहनु पथ से बंधूहाता जाने वाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न दो पथों से संबंधित है--

(*i*) जीरादेई आन्दर पथ पर स्थित बड़हुलिया से संजलपुर जाने वाली पथ--ग्राम संजलपुर को सम्पर्कता प्रदान करने हेतु मनिया संतु पी० एम० जी० एस० वाई० पथ से चौधरी टोला (संजलपुर) पथ जिसकी लम्बाई 2.0 कि० मी० राज्य पूरक कोर नेटवर्क में शामिल है । मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पथ का सर्वे कर लिया गया है । पथ का डी० पी० आर० तैयार किया जा रहा है ।

(*ii*) जमापुर करहनु पथ से बंधूहाता पथ--पथ पूरक राज्य कोर नेटवर्क में शामिल है, जिसका प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है ।

उक्त दोनों पथों की स्वीकृति उपरांत निधि की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कराया जा सकेगा ।

---------

पक्की सड़क से जोड़ना

*675. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड शिवसागर, पंचायत पताढ़ी में ग्राम-शाहरपुर टोला पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है जिससे उक्त गाँव के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के सात निश्चय योजनान्तर्गत सभी टोला/बसावट को पक्की सड़क से जोड़ना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-शाहपुर टोला को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*676. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के इमली बाजार (पी० डब्लू० डी०) पथ से हलेमपुर, मेजरगंज से मझौरा चौक होते हुये पोशुआ पटनिया जाने वाली पथ एवं इमली बाजार से बभनगामा जाने वाली पथ जर्जर हो गया है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*677. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्र में वारिसनगर प्रखंड अन्तर्गत नकटा से छतनेश्वर पथ में बुआरे नाला पर गुलिया में पूर्व में निर्मित पुल के ध्वस्त हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यहाँ के स्थानीय लोगों को आवागमन में सुगमता प्रदान कराने हेतु उक्त स्थल पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*678. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के सदर प्रखण्ड अन्तर्गत एस० एच० 55 कोरिया से वासुदेवपुर तक पथ जर्जर अवस्था में है जिसके कारण इस पंचायत की हजारों आबादी को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*679. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कोचायकोट के पंचायत उचकागाँव ग्राम-खुटवनिया, चौबे विद्यालय से बगउच, भैरवा पथ, बती टोला तक जाने वाली पथ जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.2 कि० मी० है, जो ईटीकृत है । पथ के एक छोर पर अवस्थित भामी टोला, वृति टोला आर० सी० डी० मुख्य पथ पर है तथा दूसरे छोर पर खुटवनिया चौबे ग्राम है, जिसे पी० एम० जी० एस० वाई० पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । इस पथ में अन्य कोई बसावट नहीं है । यह पथ किसी कोर नेटवर्क में सम्मिलित नहीं है ।

अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

---------

कटावरोधक कार्य

*680. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी के चकला गाँव में कनकई नदी से 10 वर्षों से कटाव हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के कटाव के कारण 75 परिवार विस्थापित हो गया है तथा वर्ष 2018-19 में कटावरोधक कार्य कराया गया था, किन्तु 300 मी० मुख्य स्थल में कटावरोधक का कार्य छोड़ दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 300 मीटर बचे हुये मुख्य कटाव स्थल में कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*681. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बांसबाड़ी पंचायत गरगढ़ी टोला, वार्ड नं० 2 अंतर्गत मोसर्रत करीम के घर के नजदीक से ओझरिया टोला होते हुये असलम के घर तक की सड़क को जी० टी० एस० एन० वाई० में सम्मिलित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क के समीप 250 आबादी का महादलित बसावट है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को जी० टी०एस० एन० वाई० में सम्मिलित कर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है । उपरोक्त सड़क के समीप लगभग 80 आबादी तक का महादलित बस्ती है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) सम्प्रति विभाग द्वारा 100 से अधिक आबादी वाले बसावटों को सम्पर्कता प्रदान की जा रही है । प्रश्नाधीन पथ पर अवस्थित बसावट की आबादी 100 से कम रहने के कारण यह किसी योजना में सम्मिलित नहीं है, जिसके कारण इसका निर्माण कराया जाना संभव नहीं है ।

---------

सड़क का निर्माण

*682. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौजबाजार प्रखंड के मध्य विद्यालय अजगाँवा से सौनेधार होते हुये हरिजन बंगाली टोला तक जाने वाली सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे लघु कृषक, दलित लोगों की बहुत बड़ी आबादी बसी हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोल्डर पीचिंग कराना

*683. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड से होकर गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी के बाँयें तटबन्ध के 106.00 कि० मी० में रजवारा ग्राम के पास कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबन्ध सुरक्षा हेतु बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेंशन योजना सुचारु रूप से चलाना

*684. श्री (मोहम्मद) नवाज आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रावधान किया गया है कि वृद्धा पेंशन योजना के तहत जिन गरीब व्यक्तियों की उम्र 60 वर्ष हो चुकी है और उनका आधार कार्ड में 60 वर्ष आयु दर्ज है, ऐसे गरीब व्यक्ति का पेंशन बनाया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर के आरा प्रखण्ड में पेंशन बनवाने हेतु वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड में भी 60 वर्ष होने का प्रमाण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, आरा द्वारा माँगा जा रहा है, जिससे मुख्यमंत्री पेंशन योजना का कार्य आरा में पूर्ण नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आरा प्रखंड में उक्त योजना का संचालन सुचारु रूप से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*685. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल नगर परिषद् क्षेत्र में बस स्टैंड से जनकपुर धाम मुहल्ला परिबाबा का मजार, एस० पी० आवास होते हुये बैंदराबाद तक जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*686. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़ा के पंचायत खड़का दक्षिणी से नयाटोला होते हुए महुआगाछी तक जर्जर पथ रहने के कारण आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*687. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखंड में आहर खैरही से तार बम्भवार, अकडही आहर में एक माह से सफाई कार्य चल रहा है, परन्तु कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकारी मापदंड के अनुसार आहरों की सफाई कराने एवं अनियमितता के लिए कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

शौचालय निर्माण का प्रोत्साहन राशि भुगतान करना

*688. श्रीमती पुनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''लाभुकों का जल्द मिलेगा भुगतान'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के पश्चात् 26 हजार 271 के लाभार्थियों का भुगतान लंबित है तथा जिसमें से मात्र 568 लाभार्थियों को भुगतान हेतु प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*689. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत एस0 एच0 55 कोरिया से वासुदेवपुर, वन्द्वार, चांदपुर, इसफा घाट, नावकोठी, पहसारा के पास मंझौल बखरी पथ को जोड़ने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ एवं पुल का निर्माण

*690. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित सुन्दर विराजित पथ में पुल का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र के लोगों को चार किलोमीटर के बदले बीस मिलोमीटर की दूरी तय कर मधेपुरा प्रखण्ड मुख्यालय आना-जाना पड़ता है साथ ही उक्त पथ भी जर्जर हो गया है जिससे आवागमन में असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या के पत्रांक 9, दिनांक 20 फरवरी, 2019 द्वारा विभागीय मंत्री को पत्र लिखकर वर्णित पथ एवं पुल के निर्माण हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु अबतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित पथ एवं पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

दोषी पर कार्रवाई

*691. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के नरियार पंचायत के वार्ड संख्या 02 एवं 06 में नल का जल योजना अन्तर्गत समरसेबुल बोरिंग गाड़ा गया है, वह मानक के अनुरूप नहीं गाड़ा गया है, साथ ही जलापूर्ति हेतु अधूरा पाइप लाइन बिछाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों वार्ड में बिना कार्य पूर्ण कराये रकम की निकासी कर ली गई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनियमितता की जाँच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई करते हुए कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल की मरम्मती

*692. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के नारायणपुर पंचायत के मनोहरपुर गाँव के बड़ी नहर पर बना पुल निर्माण के समय ही ध्वस्त हो गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*693. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान के प्रखंड गोरेयाकोठी के पंचायत हरपुर के लाका टोला में पंचायत सरकार भवन निर्माणाधीन है एवं उसका निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर अनियमितता करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आई0 टी0 आई0 कॉलेज का निर्माण

*694 श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सरमेरा प्रखंड में एक आई0 टी0 आई0 महिला महाविद्यालय खोलने का राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में घोषणा किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्थल चयन की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुआ है, जबकि सरमेरा प्रखण्ड मुख्यालय ही उक्त महाविद्यालय हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय की स्थापना प्रखंड मुख्यालय स्थित जमीन पर कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*695. श्री शम्भू नाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड के गंगोली गाँव से नियाजीपुर डाला होते हुये केशवपुर सीवान बाँध पर बने हुये सड़क की लम्बाई 8 किलो मीटर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसपर आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*696. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड में परिहारा से ईमली स्टेशन होते हुये कौनिया तक का पथ दर्जनों गाँवों के निवासी को ईमली स्टेशन आने-जाने का एक मुख्य मार्ग है, जो जर्जर रहने के कारण उक्त क्षेत्र के जनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग की उक्त सड़क का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में गत वर्ष किया जा चुका है, परन्तु अभीतक पथ निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबवेल को शीघ्र चालू कराना

*697. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत ग्राम-सारीपट्टी, पोस्ट-भगवानपुर हाट पंचायत सोन्धानी का सरकारी ट्यूबवेल लगभग 3 वर्षों से बंद है, जिसके कारण वहाँ के किसानों को कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, ट्यूबवेल को चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का जीर्णोद्धार करना

*698. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत प्रखंड भभुआ पंचायत कुड़ासन ग्राम-देवजीकला में गाँव के दक्षिण परैया नदी में पूर्व से निर्मित बाँध जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का दोहरीकरण

*699. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार-बारसोई-बलरामपुर, पथ निर्माण विभाग का 70 किलो मीटर का एकल पथ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बारसोई नगर पंचायत जिसमें अनुमंडल मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय, इन्टर तथा डिग्री महाविद्यालय एस0डी0एम0 तथा एस0डी0ओ0 आवास, अनुमंडलीय अस्पताल एक मात्र स्थानीय बड़ा बाजार, निबंधन कार्यालय के कारण लाखों जनता व हजारों गाड़ियों के आवागमन के कारण एवं वैकल्पिक किसी अन्य पथ के अभाव में घंटो-घंटो जाम कि स्थिति रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कटिहार बारसोई बलरामपुर पथ के बारसोई नगर पंचायत क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्से का दोहरीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पी0डब्लू0डी0 विभाग में हस्तांतरित करना

*700. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में नवगछिया कार्य प्रमंडल के अधीन खरीक प्रखंड अन्तर्गत आर0 ई0 ओ0 निर्मित नन्हकार भाया धुरवगंज होते हुये विश्वकर्मा चौक 14 नवम्बर तक की सड़क अत्यंत ही व्यस्त पथ है, जो दोनों ही तरफ पी0डब्लू0डी0 सड़क से जुड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पी0डब्लू0डी0 विभाग में अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*701. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत कोचाधाम प्रखंड के कैरीबीरपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु जिला परिषद् की एक एकड़ जमीन मौजा-कैरीबीरपुर, थाना नं0-278 में उपलब्ध कराया गया है, जिसके लिये जिला परिषद् किशनगंज से अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी दे दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त चिह्नित भूमि पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैरीबीरपुर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*702. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत बनमा ईटहरी प्रखंड के रामपोखर से परसहा पुल होते हुये भेड़हा तक जानेवाली सड़क तीन वर्षों से जर्जर रहने एवं बरसात के दिनों में जल-जमाव होने के कारण आम लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रामपोखर से परसहा पुल होते हुये भेड़हा तक उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

साईफन निर्माण कराना

*703. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड में 62 आर0डी0, 65 आर0डी0 और 50 आर0डी0 भटगामा संथाल टोला के पास स्थित है, किन्तु नहर के जीर्णोद्धार के क्रम में तीनों खराब साईफन हटा दिया गया तथा इसके बदले दो छोटा साईफन का निर्माण किया गया जो जल निकासी के लिये उपयुक्त नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त साईफन से जल निकासी नहीं होने के कारण लगभग 1,000 एकड़ में लगी फसल जल-जमाव के कारण प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर में भटगामा संथाल टोला के पास 65 आर0डी0 और 50 आर0डी0 के बीच बड़ा दो साईफन को निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नदी पर पुल निर्माण

*704. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में रफीगंज से शिमला जाने वाली पथ में ठकुरार के पास धावा नदी पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रफीगंज प्रखंड में रफीगंज से शिमला जाने वाली पथ में ठकुरार के पास धावा नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) स्वीकारात्मक । ठकुरार बसावट को बारहमासी सड़क से सम्पर्कता प्रदान करने हेतु रफीगंज-शिमला-कसमा पथ से ठकुरार ग्राम तक पथ मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत प्रस्तावित है। इसका डी० पी० आर० तैयार किया जा रहा है। पथ के आरेखन में ही ठकुरार ग्राम के पास धावा नदी पर प्रश्नाधीन पुल स्थल है । इसके निर्माण की स्वीकृति के फलस्वरूप पथ एवं पुल का निर्माण कराया जाना संभव हो सकेगा ।

---

सड़क की मरम्मती

*705. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत मटियारी से बलुआ तक 2016 में निर्मित सड़क जर्जर हो गयी है, जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*706. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सिरीस से जम्होर पथ में बटाने नदी पर पुल तथा सिरीस-नबीनगर रोड से तेन्दुआ रोड में पुल नहीं होने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्रामीण सड़कों का निर्माण पी० एम० जी० एस० वाई० योजना से कराने के उपरान्त पुल नहीं होने से सड़क का कोई औचित्य नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथ में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । प्रश्नाधीन सिरीस-जम्होर पथ राज्य योजना (एम० एन० पी०) अन्तर्गत निर्मित है ।

दूसरा पथ सिरीस-नबीनगर रोड से तुन्दुआ तक पथ पी० एम० जी० एस० वाई० योजना से निर्मित है, जिसमें पूर्व से पुल था, जो क्षतिग्रस्त हो गया है ।

(3) प्रश्नाधीन सिरीस-जम्होर पथ में बटाने नदी पर लगभग 150 मीटर लम्बाई में पुल के निर्माण एवं सिरीस, नबीनगर रोड से तेन्दुआ तक पथ में 6 मीटर आकार के क्षतिग्रस्त कल्भर्ट के जगह नये कल्भर्ट के निर्माण हेतु टेक्नो फिजिबिलिटी रिपोर्ट की माँग की गयी है । समीक्षोपरान्त अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

सड़क का निर्माण

*707. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड के बेरई, मलाही, सिमान से दामोदरपुर रेलवे फाटक तक तथा सहदेई प्रखण्ड के दुल्हा चौक से चमराहरा चौक तक एवं अन्धराबड़ चौक से विक्रमपुर पक्की सड़क तक की सड़क जर्जर है जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, ता क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*708. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कटरा प्रखंड अन्तर्गत पंचायत ग्राम-बेलपकौना से खंगुरा जानेवाली सड़क जो 7 कि0 मी0 लम्बी है, जिसके जर्जर रहने के कारण इन पंचायत के लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोल्डर पीचिंग कराना

*709. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के लौचा पंचायत के लौचा पुल के निकट महेश बधना गाँव की आबादी 2,000 (दो हजार) है जो कौल नदी के किनारे बसा हुआ है, जहाँ कौल नदी से 10 वर्षों से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में कटाव रोकने हेतु बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*710. श्री मुंद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड स्थित ग्राम-चकहन में सिंचाई सुविधा नहीं रहने से स्थानीय ग्रामीण कृषकों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*711. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के चरपोखरी प्रखंड के एस0 एच0-12 नगरी से मुकुन्दपुर तक 3 कि0 मी0 सड़क मरम्मती के अभाव में विगत 7 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे यात्रा के दौरान आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*712. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के अड़राहा पंचायत में लक्ष्मीपुर मुखियाजी के कामत से बेलाही गाँव होते हुये बहरदार टोला से महादलित टोला तक की पथ कच्ची है, जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चेक डैम का निर्माण

*713. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी विधान सभा क्षेत्र में चेक डैम नहीं बन पाया है जिससे जलस्तर गिर रहा है तथा किसानों को सिंचाई करने में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्की सड़क से जोड़ना

*714. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड करगहर, पंचायत अकोढ़ी में ग्राम-तेतराढ़ पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है जिससे उक्त गाँव के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के सात निश्चय योजनान्तर्गत सभी टोला/बसावट को पक्की सड़क से जोड़ना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-तेतराढ़ को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम-तेतराढ़ को पूरक राज्य कोर नेटवर्क में शमिल कर लिया गया है । मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत इसकी स्वीकृति के फलस्वरूप ग्राम-तेतराढ़ को पक्की सड़क से सम्पर्कता प्रदत्त हो जायेगी ।

--------

स्लूईस गेट के निर्माण

*715. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बसोपट्टी प्रखंड के मेहतरपट्टी गाँव में कालामोईन पर स्लूईस गेट नहीं रहने से ग्रामीणों को सिंचाई में परेशानी हो रही है तथा लगभग 5,000 (पाँच हजार) एकड़ जमीन की सिंचाई प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कालामोईन पर स्लूईस गेट के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक । मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड के मेहतरपट्टी गाँव में किसानों द्वारा कच्चा बाँध बनाकर सिंचाई किया जाता है ।

(2) तकनीकी दृष्टिकोण से उपयोगी होने पर इस स्थल पर स्लूईस गेट/चेक डैम निर्माण निधि उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा ।

सड़क का जीर्णोद्धार

*716. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड, पंचायत बेहट दक्षिणी के ग्राम-बलभद्रपुर से नवटोल रेल अंडरपास तक जाने वाली पथ की स्थिति जर्जर रहने के कारण बरसात में सड़क पर पानी भरा रहता है जिस कारण दुर्घटना की आशंका व्याप्त रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मत

*717. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मझौलिया के जौकटिया चौक से भानाचक तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क से जोड़ने हेतु भूमि अधिग्रहण

*718. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सड़क से वंचित वैसे टोले जिनकी आबादी 250 से अधिक है ''ग्राम टोला सम्पर्क योजना'' (जी० टी० एस० एन० वाई०) से नहीं जुड़ पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन टोलों को सड़क से जोड़ने में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण की समस्या है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन टोलों को सड़क से जोड़ने हेतु भूमि अधिग्रहण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*719. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड खिजरसराय में ग्राम-सहबाजपुर से ग्राम-डमर बिगहा तक कच्ची सड़क है जिससे वर्षात के मौसम में ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण करवाने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*720. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत संडा पंचायत में बदमा नामक गाँव गया जिला का अंतिम और सुदूरवर्ती गाँव है, जिसके बाद अरवल जिला आरम्भ हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित गाँव में जाने हेतु सड़क का निर्माण हो चुका है, परन्तु पथ के बीच लगभग 50 मीटर चौड़ी नेरा नदी बहती है, जिसपर पुल का निर्माण आजतक नहीं हो पाया है, जिस कारण बरसात के दिनों में लगभग तीन महीना उक्त गाँव का संपर्क मुख्यालय से खत्म हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*721. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड में पैमार नदी पर ग्राम-बरसौना के सामने पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को जिला मुख्यालय, अस्पताल एवं रेलवे स्टेशन पहुँचने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) अस्वीकारात्मक । ग्राम-बरसौना को पी०एम०जी०एस०वाई० योजना अन्तर्गत निर्मित पथ गया-फतेहपुर पथ से अकुगावाँ जिसकी लम्बाई 2.179 कि०मी० है, से सम्पर्कता प्रदत है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि पैमार नदी के एक तरफ बरसौना ग्राम है, जिसे पी०एम०जी०एस०वाई० योजना अन्तर्गत निर्मित पथ गया-फतेहपुर पथ से अकुगावाँ तक पथ से सम्पर्कता प्रदत है। पैमार नदी के दूसरे तरफ करियादपुर-बंधुआ पथ निर्माण विभाग का पथ है जो पैमार नदी के समानान्तर है। करियादपुर-बंधुआ पथ से बरसौना ग्राम के आरेखन में प्रश्नाधीन पुल स्थल पैमार नदी पर है। इस बीच कोई बसावट नहीं रहने के कारण इस आरेखन को किसी कोर नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है। इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

-------------

कैनाल की सफाई

*722. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत गोला बाजार रेलवे पुल से हरदिया चौर तक मुगल कैनाल में शिल्ट (गाद) भर जाने के कारण गंगा एवं गंडक का जलस्तर बढ़ने पर कैनाल के इर्द-गिर्द इलाकों में पानी फैल कर जल-जमाव का रूप लेता है, जिससे किसानों की फसल के साथ-साथ जन-जीवन भी प्रभावित होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कैनाल की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध की मरम्मत

*723. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड स्थित नवादा टाल का चहका (बाँध) टूटने के कारण उसमें पानी संग्रह नहीं होने से नवादा, धरिया एवं कोरवा जैसे अन्य गाँवों को पटवन नहीं होने से प्रत्येक वर्ष सुखा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चहका (बाँध) का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*724. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत चमथा-1 लक्ष्मण टोल के धोबी टोल में वाया नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बोल्डर पीचिंग कराना

*725. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखंड के मटियारी पंचायत में स्थित मटियारी हाट कौल नदी के किनारे बसा हुआ है, जहाँ विगत 5 वर्षों से कौल नदी से कटाव हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाजार को कटाव से बचाने हेतु बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लुईस गेट लगवाना

*726. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के ग्राम-बाला बिगहा स्थित स्लुईस गेट में गेट नहीं रहने के कारण सिंचाई हेतु पानी रोकना संभव नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्लुईस गेट की मूल संरचना वर्तमान में भी सही स्थिति में है परन्तु गेट नहीं रहने के कारण किसानों को सिंचाई सुविधा से वंचित रहना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्लुईस गेट की संरचना का रख-रखाव करते हुये उसमें गेट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आई० टी० आई० कॉलेज खोलना

*727. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर प्रखंड के सरसई में दो वर्ष पूर्व आई० टी० आई० प्रशिक्षण महाविद्यालय खोलने हेतु भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण विभाग को कार्य के लिये सौंपा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उक्त स्थल पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया है, जिसके कारण यहाँ के छात्रों को 30 कि०मी० दूरी पढ़ने जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*728. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत धामी टोला से कटैया भाया धरहरवा एवं घाघरा मोड़ से पकड़िया सड़क वर्ष 2017 में आयी बाढ़ के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़के प्रखंड मुख्यालय से जुड़ती है जिसके जर्जर होने से आम जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*729. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विक्रम प्रखंड के पंचायत बजीरपुर, ग्राम-बजीरपुर में छठ घाट से निकट मनेर लाइन नहर पर पुल नहीं रहने से स्थानीय कृषकों को सिंचाई हेतु आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*730. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के टेनवा टोला में जाने के लिये आवागमन की कोई सुविधा नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि टेनवा टोला जाने वाले रास्ते में चोरहट नदी में पुल एवं सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन पूर्णत: बन्द हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पहुँचने के लिये सड़क के साथ उक्त नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*731. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के गढ़िया पंचायत गढ़िया से राम यादव के घर तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.20 कि० मी० है, जो एम० एम० जी० एस० वाई० पथ गढ़िया उराँव टोला से उच्छेपुर बेलवारी पथ, लम्बाई 3.40 कि० मी० का पथांश है । उक्त मुख्य पथ की 3.40 कि० मी० लम्बाई में से 2.20 कि० मी० पथांश का निर्माण हो चुका है । शेष प्रश्नाधीन पथ का 1.20 कि० मी० लम्बाई का सर्वे कराकर एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत डी० पी० आर० तैयार कराया जा रहा है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

पथ का निर्माण

*732. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के मेघौना पंचायत के रमसनियाँ से विथान प्रखंड के बेलारी सीमांत तक पथ निर्माण का प्रस्ताव गत वर्ष जिला स्तर पर भेजा गया था, परन्तु अभीतक पथ निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जबकि उक्त पथ अलौली एवं विथान प्रखंड को जोड़ती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोल्डर पिचिंग कराना

*733. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड के सैदपुर, डगरौल एवं रामपुर गाँव बागमती नदी के कटाव से पिछले 5 (पाँच) वर्षों से ग्रसित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के खेत खलिहान एवं आवासीय भू-खंड नदी के कटाव से नदी में समाहित हो रहा है तथा डगरौल गाँव के निकट मुख्य सड़क पर नदी के कटाव का दबाव बना हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि कटाव स्थल पर विभाग के द्वारा बोल्डर पिचिंग के स्थान पर बोरिया में बालू भरकर मरम्मत करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे कटात का समाधान नहीं हो पा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक कटाव स्थल को चिन्हित कर बेल्डर पिचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*734. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सोन्हौला प्रखंड में स्थित सनोखर से बतियड्डा एवं बुठियानी से चण्डी का स्थान (घुआँवे) तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*735. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनजरिया प्रखंड अन्तर्गत चौलाहा पंचायत के वार्ड नं० 11 के शेख अली के घर तक कच्ची सड़क है; जिसके कारण बरसात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वार्ड नं० 8 से लेकर वार्ड नं० 11 तक उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*736. सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अन्तर्गत मघेली जाने वाली सड़क के बीच में फुलडोभी ग्राम के पास लोहा का पुल जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण वाहन पार करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त लोहा पुल के स्थान पर पी० सी० सी० स्थायी पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ एवं स्लुईस गेट का निर्माण

*737. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखण्ड में केशोपुर पुल श्मशान घाट होते हुये महुदही से गजियापुर पथ तक एवं स्लुईस गेट तथा धरहा से ज्ञानपुर होते हुये आर० डब्लू० डी० पंडितपुर पथ तक सड़क नहीं रहने के कारण आवागमन में आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों एवं स्लुईस गेट का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*738. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत जमालुद्दीन चक के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-नवरतनपुर से चक्रदाहा (मिल्लत कलोनी) मोड़ तक जानेवाली सड़क के किनारे एक तरफ नाला है, जो दो वर्षों से ध्वस्त हो जाने के कारण सड़क पर नाला का पानी बहता रहा है, जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, दानापुर से अक्टूबर, 2018 एवं जनवरी, 2019 में किये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के दोनों तरफ सिवरेज नाला का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर में फॉल का निर्माण

*739. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर प्रखंडान्तर्गत ग्राम-मेहासिमर के मध्य होकर सहरसा उपशाखा नहर गुजरती है;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँव के मध्य भाग से नहर गुजरने के बावजूद नहर में फॉल नहीं होने से किसानों को सिंचाई में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर के 92 RD पर फॉल का निर्माण करवाने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*740. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखण्ड अन्तर्गत महेशपुर चौक से महेन्द्र साह चौक तक, 01 कि० मी० की सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण गोविन्दपुर, महेशपुर पंचायत के लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महेशपुर चौक से महेन्द्र साह चौक तक की सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उड़ाही कराना

*741. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था विधान सभा क्षेत्र के करपी प्रखंडान्तर्गत ग्राम झिकटियाँ-बदोपुर के बीच बहुत बड़ा जलाशय है, जो पूर्णतः सुख गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलाशय का वर्षों से उड़ाही नहीं होने के कारण जल का जमाव नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलाशय का उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पंचायत सरकार भवन का निर्माण

*742. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पंचायत कटेसर में पंचायती सरकार भवन नहीं होने से वहाँ के स्थानीय जनता को पेरशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*743. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखण्डन्तर्गत मंगला मोड़ बाजार से अदालत सहनी के घर तक जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*744. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड-विक्रमगंज में कहुआरा ग्राम से सटे काँव नदी पर पुल एवं सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण इस गाँव के लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में 12 कि० मी० की दूरी तय करना पड़ता है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल एवं सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*745. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चकिया प्रखंड के एन0 एच0 28 परसौनीखेम, होम पाइप फैक्ट्री से नरकटिया होते हुए नरदरवा चौक तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*746. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखंड गौनाहा के भितिहरवा रेलवे स्टेशन से कोहरगड्डी गाँव तक जानेवाली पथ में हड़बोड़ा नदी पर पुल नहीं रहने से 8 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

गाइड वाल का निर्माण

*747. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखंड के खुरी नदी से निकलने वाले भुतही पइन के मुहाने पर गाइड वाल नहीं रहने और तीन दशकों से खुदाई नहीं होने के कारण तीन पंचायत सुखाड़ की समस्या से ग्रस्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त पइन के मुहाने पर गाइड वाल का निर्माण और खुदाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*748. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत प्रखंड चकाई के बासुकीटांड़ सिमुलतला पथ एवं सोनों प्रखंड के सोनो चरका पत्थर पथ का निर्माण पी0 डब्लू0 डी0 के द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें घटिया किस्म के निर्माण सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उक्त दोनों सड़कें कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों के निर्माण में उचित एवं अच्छे किस्म के सामग्रियों का उपयोग कराते हुए सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*749. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड मनीगाछी के पी0 एम0 जी0 वाई0 रोड से कोलिखाहा भट्टपुरा तक एवं राजे चौक, एन0 एच0 57 से लीलाबाबू टोल तक का पथ निविदा के प्राक्कलन में निहित मानक एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं बनने के कारण जर्जर हो चुका है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण पुनः करवाने का विचार रखती है, साथ ही मानक एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने वाले दोषी अधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मत

*750. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के बस्तारा मोड़ से टनकुप्प होते हुए टनकुप्पा रेलवे स्टेशन तक का पथ का निर्माण 2011-12 में किया गया है, जो श्रेणी 01 में आता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ विगत 6 वर्षों से जर्जर हो गया है जिसके जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत प्रश्नाधीन पथ का प्राक्कलन स्वीकृति की प्रक्रिया में है । तद्नुसार इसकी मरम्मती करायी जाना संभवन हो सकेगी ।

----------

तालाब की जीर्णोद्धार करना

*751 श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड के झारखंडी मंदिर में प्रत्येक वर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं और वहाँ दहेज मुक्त विवाह की प्रथा भी बहुत पहले से चली आ रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि मंदिर परिसर में अवस्थित तालाब उड़ाही के अभाव में उपयोगिता विहिन हो गया है जबकि श्रद्धालुओं के लिए यह उपयोगी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की मरम्मत

*752. श्री युदवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीरचंद पटेल पथ एम0 एस0 ए0 फ्लैट मृत्यावास गोलम्बर, पटना में सचिवालय कर्मियों का आवास आवंटित है । आवास से जाने-आने के रास्ता में गढ्ढे के कारण पानी का जमाव एवं कचड़ा पड़ा रहता है जिसके कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार आवास से जाने-आने का रास्ता को बरसात से पहले मरम्मत कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नहर का जीर्णोद्धार

*753. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी विधान सभा के घोराघाट से निकलने वाली नहर हसनपुर होते हुए भुसिया तक जाती है, जो जर्जर है जिससे पानी की उपलब्धता कम हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*754. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के मानसी प्रखंड का निर्माण वर्ष 1994 में किया गया था, किन्तु अभीतक मानसी प्रखंड का संचालन पंचायत भवन और सामुदायिक भवन खुटिया पंचायत में हो रहा है तथा प्रशासनिक भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण नहीं होने से मानसी प्रखंड का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मानसी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का प्रशासनिक भवन पदाधिकारी और कर्मचारी भवन का भूमि अधिग्रहण कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*755. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड लकड़ी नवीगंज के पंचयात ख्वासपुर में एक हजार एकड़ की चँवर दीघा है जो 25 साल से कृषि से वंचित है क्योंकि इस चँवर के जल निकासी हेतु नाला की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चँवर से जल निकासी नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*756. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के कहलगाँव एन0टी0पी0सी0 गेट संख्या 1 से शोभनाथपुर होते हुये ब्रहमचारी, लगमा, सिया के आगे घुसका तक जानेवाली सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव की सड़क को कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*757. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर नगर पंचायतान्तर्गत अंग्रेजी बाजार से मेहुरा नदी पार करते हुये एन0एच0-19 तक सड़क एवं पुल का निर्माण नहीं होने के कारण विश्वविख्यात सोनपुर हरिहर क्षेत्र मेला आने-जाने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मेला से सीधा सम्पर्क हेतु अंग्रेजी बाजार से मेहरा नदी पार करते हुये एन0एच0-19 तक सड़क एवं पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*758. <u>श्री तारकिशोर प्रसाद</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0 131ए पूर्णियाँ-कटिहार-मनिहारी-अमदाबाद पथ में कटिहार नगर स्थित गौशाला के निकट रेल गुमटी सं0 के0बी0-1बी0 पर रोड ओवर ब्रीज निर्माण की निविदा प्रक्रिया क्षेत्रिय पदाधिकारी स्तर पर लम्बित रहने के कारण आर0ओ0बी0 के अभाव में इस रेल गुमटी पर हमेशा यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह महत्वपूर्ण पथ, झारखंड राज्य के साथ-साथ मनिहारी अनुमंडल कटिहार के चार प्रखंड एवं कटिहार नगर का एक मात्र सम्पर्क पथ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निविदा प्रक्रिया पूर्ण करवाकर उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## आई0टी0आई0 कॉलेज खोलना

*759. <u>श्री नीरज कुमार</u>--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के नैदरया में आई0 टी0 आई0 कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में आई0 टी0 आई0 कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सरकार के सात निश्चय के तहत प्रत्येक अनाच्छादित अनुमंडल में एक औ0 प्र0 संस्थान तथा प्रत्येक अनाच्छादित जिला मुख्यालय में महिला औ0 प्र0 संस्थान की स्थापना की जा चुकी है ।

उल्लेखनीय है कि समेली प्रखंड का नैदरया कटिहार जिला के कटिहार सदर अनुमंडल के अन्तर्गत पड़ता है, जहाँ पूर्व से ही चार औ0 प्र0 संस्थान यथा (i) औ0 प्र0 संस्थान, कटिहार (ii) औ0 प्र0 संस्थान, मनिहारी (iii) औ0 प्र0 संस्थान, बारसोई एवं (iv) महिला औ0 प्र0 सस्थान, कटिहार संचालित है ।

उपर्युक्त सभी औ0 प्र0 संस्थानों में कटिहार जिला के सभी अनुमंडलों/प्रखंडों यथा समेली प्रखंड का नैदरया के सुयोग्य युवक/युवती प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं ।

वर्तमान में उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य औ0 प्र0 संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

--------

## सड़क का पक्कीकरण

*760. <u>श्रीमती प्रेमा चौधरी</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत जन्दाहा प्रखंड के अदलपुर ग्राम पंचायत मिल्की में योगी स्थान सोगारथ राय के घर होते हुये अनरी स्थान तक रोड काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ पूरक राज्य कोर नेटवर्क में बजरंगबली मंदिर से मिल्की चकबाजे तक पथ के नाम से सम्मिलित है । एम0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत पथ का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है । स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य कराया जा सकेगा ।

पदाधिकारियों की जाँच

*761. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत बड़हरा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शौचालय सुपरवाईजर के द्वारा शौचालय का निर्माण कराये बिना आमजनों से दो-दो हजार रुपये का अवैध वसूली किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त विषय की जाँच करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*762. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के नारायणपुर रेलवे स्टेशन के समीप दक्षिण दिशा में एक गंगा नदी की मृत धारा अवस्थित है, जिसके दोनों तरफ काफी घनी आबादी निवास किया करती है, जिन्हें बाजार तथा कृषि कार्यों से मृत धारा को पार कर प्रतिदिन आना-जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पचास हजार की उक्त ग्रामीण आबादी को प्रतिदिन बाजार तथा कृषि कार्यवश उक्त मरगांग धार को पार कर आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नारायणपुर रेलवे स्टेशन के समीप उपरोक्त वर्णित मरगांग धार (जहाज घाट) पर सुलभ आवागमन हेतु पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*763. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत राजगीर विधान सभा क्षेत्र में बड़ी तकिया गाँव तक जाने के लिए संपर्कता प्रदान नहीं की गयी है, जबकि यह पूरा गाँव अत्यंत पिछड़ा व गरीबों का बस्ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में संपर्कता प्रदान करने हेतु सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*764. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड के कुचायकोट-मैरवा मुख्य पथ ग्राम-भामी टोला से दिशा पश्चिम के तरप खुटवनिया चौबे मुख्य सड़क तक जाने वाली पथ कच्ची सड़क है, जो बरसात के समय कीचड़मय हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलाशय की खुदाई

*765. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के काशीचक प्रखंड अन्तर्गत धानपुर गाँव में 50 एकड़ का विशाल जलाशय है, जिसकी खुदाई नहीं होने से मिट्टी से भर गया है, यदि हाँ, तो जल संचय हेतु सरकार कबतक उपरोक्त जलाशय को खुदाई कराने हेतु विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*766. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोहिउद्दीननगर प्रखण्ड के नारायणपुर घाट के वाया नदी पर पुल नहीं होने के कारण तेतारपुर पंचायत के साथ-साथ अनेकों पंचायत के आम जनता को अवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू कराना

*767. श्री मुंद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड स्थित ग्राम-गंडार, सिरमी राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बंद रहने के कारण स्थानीय कृषकों को कृषि कार्य में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राजकीय नलकूपों को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*768. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में चहुआ, दुधिया पोखर से गोढ़ीयारी होते हुए हट्टी टोला तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नदी के कटाव की रोक-थाम करना

*769. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड के रतनपुर गाँव के पास बागमती नदी के पश्चिमी किनारे में बोल्डर पीचिंग कार्य हो जाने के कारण नदी की धारा पूरब-दक्षिण की ओर मुड़ गयी है, जिससे रतनपुरा गाँव का कब्रिस्तान, हाट गाँधी एवं मस्जिद कटाव के मुख्य धार पर आ गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा विभाग को विगत दो वर्षों से उक्त विषय की जानकारी से लगातार अवगत कराने के बावजूद नदी के पूर्वी किनारे पर बोल्डर पीचिंग का कार्य नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रतनपुरा गाँव में बागमती नदी से कटाव के रोक-थाम के लिए कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*770. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिला के इसलामपुर प्रखंड में पनहर पंचायत का खोदागंज बाजार के बीच से राजगीर होते इसलामपुर, गया तथा जहानाबाद जाने के लिये एकमात्र सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खोदागंज बाजार में सड़क संकीर्ण तथा बाजार व्यस्ततम होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खोदागंज बाजार के पश्चिम में कबतक बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*771. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखंड में बन्धुआ गुमटी से बगाही कला तक सड़क का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन श्रीरामपुर ग्राम तक ही आधा सड़क निर्माण कर कार्य 6 माह पूर्व बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*772. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा (भोजपुर) जिला के अगिआँव गाँव प्रखंड के बनौली मोड़ से बनौली गाँव होते हुये चासी तक 5 कि० मी० तक की सड़क विगत 8 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की सफाई एवं मरम्मती

*773. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड के छातापुर सीमा से लक्ष्मीपुर खतवे टोला तक छोटी नहर की सफाई एवं मरम्मती वर्षों से नहीं होने के कारण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त छोटी नहर की मरम्मती एवं सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का जीर्णोद्धार

*774. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला मुख्यालय स्थित लोहिया पुल जर्जर हो गया है जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*775. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग; यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखंड के मनपौर से विसनपुर होते फुलहटा तक कच्ची सड़क है, जो मनपौर में दलित एवं विसनपुर में महादलित टोले से होकर गुजरती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*776. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के पंचायत-बलिया, ग्राम निर्मला के समीप कमला नदी के पूर्वी तटबंध नं० 60-61 किलोमीटर के बीच स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण नदी में पानी रहते हुये भी इस इलाके के किसान खेती नहीं कर पाते है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर स्लूईस गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*777. श्री अबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के जमुआ पंचायत अंतर्गत फुलवाड़ी दुर्गा मंदिर दक्षिण टोला से कृष्णमंदिर पूरब टोला तक सड़क नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थान में सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ मुख्य बसावट फुलवाड़ी बेंगा का आंतरिक सड़क है, जो किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं है । मुख्य बसावट, निर्मित तारावड़ी फुलवाड़ी बेंगा पथ पर अवस्थित है । प्रश्नधीन पथ के निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

पुल का निर्माण

*778. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखंड के बकुनियाँ, परताहा, बड़हारा, डरहार एवं दरभंगा जिला के सिरनीयां, पकड़िया आदि गाँव के लोगों को पश्चिमी कोसी तटबंध पर जाने-आने में बकुनियाँ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बकुनियां नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*779. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सहरसा बस्ती होकर एन०एच० 107 से तिलावे धार (समदा) तक जानेवाली सड़क ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना से निर्माण हेतु वर्ष 2017 में स्वीकृत हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत सड़क एन०एच० 107 से सहरसा बस्ती पोखर तक निर्माण जान-बूझकर आर०डब्लू०डी० सहरसा द्वारा छोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये बचे हुये सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं पुल का निर्माण

*780. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखंड के मलाही बाजार से चटिया दियर तक का रास्ता बना है उसके आगे 700 मीटर सड़क एवं पुल का निर्माण नहीं होने के कारण गोपालगंज से बेतिया एस०एच० सड़क से आवागमन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ में 700 मीटर सड़क एवं पुल का निर्माण कर गोपालगंज बेतिया एस०एच० सड़क से सम्पर्क स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--प्रश्नाधीन पुल स्थल के एक तरफ कोतराहा गाँव है जो एस०एच० से पक्की सड़क से जुड़ा है एवं दूसरी तरफ चटिया दियर एवं मंझरिया गाँव है । यह मार्गरेखन राज्य के किसी भी कोर नेटवर्क में स्वीकृत नहीं है। मझरिया को पक्की सड़क से सम्पर्कता प्राप्त है ।

अतएव पुल एवं पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

-------------

सड़क का निर्माण

*781. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के डंडारी प्रखण्ड अन्तर्गत इस्फाघाट से कटरमाला बस पड़ाव तक का सड़क अत्यंत ही जर्जर एवं गड्ढे में तबदील हो चुका है, जिसके कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*782. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड के पीपरपांती-सुपौल के बीच पड़ने वाली नदी में पुल नहीं रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ की मरम्मती

*783. श्री संजय कुमार सिंह क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड विक्रमगंज के आरा-सासाराम पथ, धामापुल से डुमरांव लाईन, राजवाहा बैंक पथ, व्यवहार न्यायालय, करीयवा बाल होते हुये सलेमपुर शहरी सखवा पुल, गमहरिया तक जानेवाली पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*784. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा के भूमि घेराबंदी के लिये वर्ष 2015 में 02 करोड़ 29 लाख 83 हजार 639 रुपया की राशि उपलब्ध करायी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग की विफलता के चलते ससमय चहारदीवारी का निर्माण कार्य न होने से प्राक्कलन राशि में बढ़ोत्तरी हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलम्ब उक्त चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराते हुये निर्माण कार्य में विलम्ब के चलते प्राक्कलित राशि में हुयी बढ़ोतरी के लिये जिम्मेवार दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*785. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत अधवारा नदी पर पुल निर्माण हेतु विभागीय पत्रांक 3207, दिनांक 7 सितम्बर, 2016 को चेकलिस्ट की माँग की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य प्रमंडल, पुपरी द्वारा 29 जून, 2016 को चेकलिस्ट उपलब्ध कराने के बाद उक्त स्थान पर पुल निर्माण हेतु 3,48,00,000 (तीन करोड़ अड़तालीस लाख रु०) का प्राक्कलन बनाकर विभाग को समर्पित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण से संबंधित संचिका संख्या मु०आ० 4 (मु०) 207/16 में विभागीय स्तर पर पुल निर्माण हेतु सारी अर्हताएँ पूर्ण होने के बाद सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति दिये जाने के बाद भी संचिका को लंबित रखा गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त पुल निर्माण से संबंधित संचिका को लंबित रखने का क्या औचित्य है ?

-------------

पथों का जीर्णोद्धार

*786. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर-कहलगाँव एन०एच० 80 पथ में 30 कि०मी० पथ का जीर्णोद्धार विगत दो वर्षों से हो रहा है, जिसमें अबतक मात्र 30 प्रतिशत कार्य ही हुआ है, शेष मरम्मती कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार शेष पथों का जीर्णोद्धार कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुलिया का निर्माण

*787. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा विधान सभा क्षेत्र के भुतही ग्राम से हरिबेला से सुपैना पथ के बीच में लखनदेई अधवारा नदी पर पुलिया का निर्माण नहीं होने से इस पथ की उपयोगिता समाप्त हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

पुल का निर्माण

*788. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला एन० एच० 28 से मिर्जापुर होकर रूपन छाप जाने वाली सड़क के बीच वितरण नहर का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आवागमन होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*789. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के रानीगंज बाजार में हसनपुर पंचायत वार्ड नं० 12 स्थित एन० एच० 327 ई० में महावीर मंदिर के पास से शुरू होकर भरगामा मोड़ होते हुये हसनपुर पंचायत वार्ड नं० 11 स्थित शम्भू पोद्दार के घर के पास तक लगभग 800 फीट में हमेशा जल जमाव रहता है, जिससे एन० एच० पर गाड़ियों के परिचालन में एवं आने-जाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क पर नाला निर्माण कराकर सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वर्णित स्थल एन० एच० 327 ई० एवं एस० एच० 77 का Junction Point है, जहाँ पर PQC सड़क निर्मित है । सड़क के दोनों किनारों पर दुकान एवं घनी आबादी है । जलजमाव के निकासी हेतु पूर्व से नाला निर्मित है । उसे स्थानीय निवासियों द्वारा मिट्टी भरकर जाम कर दिया गया है । उनके द्वारा सड़क का अतिक्रमण भी किया गया है, जिसके कारण पूर्व से निर्मित नाले का Outlet बाजार के बाहर करने में स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध किया जाता है । वर्तमान में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से फ्लैंक का मिट्टी ग्रेडर से काट कर जल-जमाव की समस्या का निदान कर दिया गया है ।

---------

सड़क का निर्माण

*790. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल रोसड़ा के अधीन गोनवारा से अकौना होते हुये दोडीहा तक की पथ का निर्माण हेतु विभागीय सारी प्रक्रिया एक वर्ष पूर्व पूरी हो चुकी है, परन्तु विभागीय शिथिलता के कारण अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हो पायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क से जोड़ना

*791. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सरमेरा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सोनडिहा में पक्की सड़क नहीं है, जिसके कारण तीन हजार आबादी वाले उक्त ग्राम के ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

डैम का जीर्णोद्धार

*792. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के चॉपी पंचायत के समदा में डैम क्षतिग्रस्त है, जिससे पानी का जमाव नहीं हो पाता है, किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डैम का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है । प्रश्नगत योजना का सर्वेक्षण कराया जायेगा । सर्वेक्षणोपरांत योजना तकनीकी दृष्टिकोण से उपयोगी पाये जाने पर डी० पी० आर० तैयार कर विहित प्रक्रिया के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

---------

नलकूपों को चालू कराना

*793. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्तमान सूखा की भयंकर स्थिति के मद्देनजर कुल कितने नलकूप कार्यरत है और कितने नलकूप बंद है तथा बंद नलकूपों को सरकार कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुदान की राशि दिलवाना

*794. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत लोहिया स्वच्छता ग्राम योजना के तहत शौचालय निर्माण कराने वाले मात्र 12 प्रतिशत लोगों का ही अनुदान की राशि का भुगतान किया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी लोगों को अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*795. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखण्ड अन्तर्गत बखरी-खगड़िया मुख्य पथ के डरहा पुल से अभूआर होते हुये करैटार-समसा तक का पथ अत्यंत जर्जर है, जिस कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*796. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहरा के वजीरगंज से विच्छा मुख्य सड़क में बलुआ पहाड़ से ग्राम-कनैया बिगहा तक कच्ची सड़क है जिसके कारण वर्षात के मौसम में आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*797. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत (क) एलआरपी से काशबाड़ी एवं (ख) एलआरपी से अण्डाबाड़ी जाने वाली पी० एम० एस० वाई० पथ का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था परंतु अबतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जिससे आम लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़कों का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*798. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखंड रामनगर के धंकराहाँ से नवगाँवा तथा प्रखंड गौनाहा के हरदी से भुस्की, बनहवा, पर्सा तक पथ जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 10 वर्षों से उक्त सड़क की मरम्मती का कार्य नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवास का जीर्णोद्धार

*799. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड अंतर्गत जाले उत्तरी पंचायत के खेसर तथा राढ़ी पश्चिमी पंचायत के लालपुर मुशहरी टोल में बने महादलित परिवार का आवास का छत एवं दीवाल टूट रहा है, यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महादलित समाज के आवास का जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पईन का पक्कीकरण

*800. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के प्रखंड गोविन्दपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर अन्तर्गत ककोलत जलप्रपात से एकतारा मोड़ तक पईन का पक्कीकरण नहीं रहने के कारण ककोलत झरना का पानी पत्थर, बालु, जंगल के अंदर ही अवशोषित हो जाता है जिससे उस पईन का लाभ किसानों को नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पईन का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । वन विभाग से एन० ओ० सी० की माँग की गयी है । एन० ओ० सी० प्राप्त होते ही डी० पी० आर० तैयार कर विहित प्रक्रिया के तहत अग्रेतर कार्रवाई किया जायेगा ।

---------

पथ का निर्माण

*801. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा एवं रोहतास प्रखंड के अकबरपुर से यदुनाथपुर होते जारादाग तक जाने वाली सड़क लगभग 20 साल पहले बना था, जो जर्जर हो गया है, जिसकी दूरी लगभग 70 कि० मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों के सैंकड़ों गाँवों का आवागमन उक्त सड़क के जर्जर होने से बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तटबंध का निर्माण

*802. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सदर प्रखंड के ग्राम-फतेहपुर से भाया रूकुनपुर, विक्रमपुर तक पुनपुन नदी का तटबंध बाढ़ के कारण कट गया है, जिसके कारण पूरा फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में स्थित तटबंध का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*803. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत आन्दर प्रखंड के पंचायत असांव के गारम, मोगलानीपुर, मठिया संपर्क विहीन है जिसके कारण उक्त गाँव की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम को असांव-पतार मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु संपर्क पथ का निर्माण कराने का इरादा रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*804. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा विधान सभा क्षेत्र के परवलपुर प्रखंड अंतर्गत एन0 एच0 110 से मानिकपुर ग्राम जाने के लिए संपर्क पथ नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*805. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत राजगीर विधान सभा क्षेत्र के बड़ी तकिया गाँव जाने के लिए संपर्क पथ का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि यह पूरा गाँव अत्यन्त पिछड़ा व गरीबों की बस्ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सड़क का निर्माण कर उक्त गाँव को संपर्कता प्रदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का लाभ देना

*806. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के दरमाहा पंचायत के विशम्भरपुर में दिनांक 18 मई, 2019 को आकस्मिक आग लग जाने से 81 अनुसूचित जाति (ततवा) जाति परिवार का घर जल गया, जिसके संदर्भ में केसरिया थाना में एस0 डी0 आई0 नं0 544/19, दिनांक 25 मई, 2019 दर्ज हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के सभी आवास विहिन परिवार को आवासीत करने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से लाभ देने का निर्णय लिया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अगलगी कांड से प्रभावित सभी परिवारों को प्राथमिकता देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*807. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग द्वारा सोन पटना कैनाल के तटबंध पर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के तटबंध के आगे पूर्वी संयोजक नहर से 11 कि0 मी0 पथ का निर्माण नहीं हो रहा है जो अत्यन्त जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*808 श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बिथान प्रखंड के ग्राम-कौराही से मुख्य सड़क तक ग्रामीण पथों को निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनों को आवागमन में परेशानी होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नहरों के पक्कीकरण

*809 श्री विनोद कुमार यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखंड में निलाजन कैनाल एवं शेरघाटी प्रखंड में बगाही बाँध नहर का तटबंध कच्चा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहरों का तटबंध कच्चा रहने से बरसात के दिनों में नहर तटबंध टूट जाता है, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, तो क्या सरकार उक्त नहरों के तटबंध का पक्कीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पईन की उड़ाही

*810 श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मोहरहर नदी से सिंचाई के लिए नोनी दसईन पईन की निकासी की गई जो लाव, नोनी तथा मखदुमपुर पंचायत की हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई का एक मात्र साधन है;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 25 वर्षों से उक्त पईन की उड़ाही नहीं होने से पईन में सिंचाई योग्य जल का प्रवाह नहीं होता है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पईन की उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) प्रश्नगत योजना महमला लाव दसईन आहर पईन योजना के जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है । विहित प्रक्रिया के तहत इसके जीर्णोद्धार की कार्रवाई की जायेगी ।

-----------

पुल का निर्माण

*811. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखंड के अम्बा 0 माईल एवं नवीनगर प्रखंड के 09 माईल के पास पुलिया टूटा हुआ है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थालों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*812. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी-सुरसंड एस० एच० हाईवे हनुमान चौक, बखरी से भुतहा होते हुये चेरौत जाती है, जो 557सी में मिलती है जो विगत छः माह से जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर रहने के कारण यात्रियों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, साथ ही सड़क में गड्ढा हो जाने के कारण भारी गाड़ियाँ फंस जाती है, जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आवागमन बाधित हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुँच चुकी उक्त सड़क की मरम्मती कराकर आवागमन को सुचारू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलिया का निर्माण

*813. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत चानन प्रखंड के भलुई पंचायत के भलुई पुराना एवं भलुई नया गाँव के ग्रामीण सड़क के बीच में एक सौंता (गड्ढा) रहने के कारण आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भलुई पुराना एवं भलुई नया गाँव को सड़क से जोड़ने हेतु उक्त सौंता (गड्ढा) पर पुलिया बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण हटाना

*814. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड जमुई के राजकुदरी, सनकुरहा पंचायत के ग्राम-बहराईन में सिंचाई हेतु उपलब्ध एकमात्र सरकारी नाला को अतिक्रमित कर उसे भरकर पक्की सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा करा दिया गया है जिससे सैकड़ों किसानों के खेतों की सिंचाई बाधित हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला का प्लाट नं० 1093 सर्वे नक्शा में सरकारी नाला के रूप में दर्ज है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला के अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करते हुये नाला को अतिक्रमणमुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*815. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के डुमरा, ननौरा पंचायत के ननौरा ग्राम में पुरानी बागमती नदी पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*816. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखंड के लक्ष्मीपुर महादलित टोला में तारानन्द सरदार के घर से महादलित टोला, नरहैया वार्ड नं० 1 बिन्देश्वरी राम के टोला तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल की स्वीकृति देना

*817. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवीनगर प्रखंड अन्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल-1, औरंगाबाद के द्वारा राज्य निधि कोष से सोनार खाप, सोनसागर के पास होल्या नदी पर पुल निर्माण के प्रस्तावित स्थल पर पुल की स्वीकृति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सम्पर्क पथ का निर्माण

*818. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखंड के पथुआ गाँव, सूर्यगढ़ा प्रखंड के धनारी गाँव तथा बरियारपुर के उत्तरी पहाड़ी टोला की जनसंख्या दो हजार से अधिक है, परन्तु आज भी इन गाँवों में सम्पर्क पथ नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव तक सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## स्लूईस गेट खोलना

*819. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय एवं समस्तीपुर से गुजरने वाली बलान नदी गंगा नदी से निकलकर मोहिउद्दीननगर प्रखंड के शिवना गाँव के भोरहा बाँध से शुरू होकर दलसिंहसराय होते हुये लगभग 70 कि० मी० की दूरी तय करते हुये बेगूसराय के नौला में गंडक नदी में मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोरहा बाँध में स्लूईस गेट को बरसात के समय गंगा में अधिक पानी होने के बावजूद नहीं खोलने के कारण बलान नदी मृतप्राय हो गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बलान नदी में पानी नहीं रहने से आस-पास के इलाकों में भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोरहा बाँध स्थित स्लूईस गेट को खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## दोषी पर कार्रवाई

*820. श्री (मोहम्मद) नवाज आलम--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में भवन निर्माण आरा द्वारा आरा परिसदन के निकट एवं आरक्षी कार्यालय के सामने भवन निर्माण का कार्य तथा धनुपरा में आई० टी० आई० भवन का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवनों का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है, जैसे आरा परिसदन में फ्लोर टाईल्स का कार्य किया गया लेकिन फ्लोर टाईल्स सही ढंग से नहीं लगा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवनों की निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क का निर्माण

*821. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण के प्रखण्ड रामगढ़वा अन्तर्गत अहिरौलिया पंचायत के दुबौलिया गाँव अनुसूचित जाति बस्ती अभीतक पक्की सड़क से वंचित है जबकि इसकी आबादी 200 है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुसूचित जाती बस्ती में पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*822. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड के बरौढ़ार पंचायत में दुर्गावती नदी पर पुल नहीं होने के कारण किसानों एवं नुआव प्रखंड मुख्यालय जानेवाले लोगों को 19 कि०मी० घुमकर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बरौढ़ा पंचायत में दुर्गावती नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*823. श्री सत्यनारायण सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अकोढ़ीगोला प्रखंड के बलीगाँव पंचायत के बलिगाँव, बनौली टोला (भैया-बहिनी) के नजदीक 7 वर्ष पूर्व मगरौलिया कैनाल में पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ करते हुये तीन पाया का निर्माण किया गया परन्तु आजतक उसपर स्लैब चढ़ाकर काम पूरा नहीं किया गया है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रखण्ड-सह-अंचल भवन का निर्माण

*824. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड भवन व आवासीय परिसर जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड कार्यालय के जर्जर रहने के कारण अधिकारियों व कर्मचारियों को दैनिक कामकाज के निष्पादन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का भवन व आवासीय परिसर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*825. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़ा के खड़का पंचायत के हरिनगर से सीरसी होते हुये कुरकर सीमान तक जर्जर पथ रहने के कारण आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल के साथ सड़क का निर्माण

*826. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित बकुआ पंचायत का बकुआ गाँव अद्यतन संपर्क पथविहिन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने अपने पत्रांक 10, दिनांक 20 फरवरी, 2019 द्वारा मा० मंत्री को पत्र लिखकर ऊपर वर्णित गाँव को सुन्दरी गाँव स्थित योगिया-सुन्दरी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से एक अदद आर० सी० सी पुल के साथ ग्राम-बकुआ तक सड़क का निर्माण कराने हेतु अनुरोध किया था, परन्तु अभीतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल के साथ सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*827. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के नरियार पंचायत अन्तर्गत नरियार मन चौक से नयादा, सहनी टोला होते हुये एन०एच०-28 रामविलास राम के घर तक की सड़क विगत 20 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्क्रीनिंग समिति की बैठक कराना

*828. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के कर्मचारियों को ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० का लाभ की स्वीकृति हेतु वित्त विभाग का संकल्प 7566, दिनांक 14 जुलाई, 2010 के द्वारा आदेश निर्गत है तथा इसके कंडिका 6 में ''जनवरी एवं जुलाई'' माह के प्रथम सप्ताह में प्रतिवर्ष स्क्रीनिंग समिति की बैठक किया जाना निर्देशित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के उक्त आदेश की अवहेलना करते हुये निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम संसाधन विभाग द्वारा जनवरी, 2016 से स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई०टी०आई० में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारियों को ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० का लाभ की स्वीकृति व भुगतान हेतु स्क्रीनिंग समिति की बैठक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पूर्ण निर्माण

*829. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के गंगा सागर पुल पी०डब्लू०डी० मुख्य सड़क से हसनपुर गाँव होते हुये राजघाट तक का पथ विगत 15 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पूर्ण निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का पक्कीकरण

*830. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखंड के ग्राम-रसलपुर रेलवे लाइन से सटे, नारायणा होते हुये दौलतपुर तक कच्चा बाँध है जिसमें बरसात के दिनों में मिट्टी कटता रहता है एवं बाढ़ के समय में बाँध से पानी रिसता रहता हैं जिसके कारण रास्ता चलने लायक नहीं रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियंताओं को बाँध निरीक्षण करने में एवं ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा उक्त बाँध को पक्कीकरण कराने हेतु दिनांक 14 फरवरी, 2019 को सरकार को पत्र दिया गया है परंतु अभीतक बाँध का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कच्चा बाँध को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नदी पर पुल निर्माण

*831. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में घोरहत -धवई सड़क में जमुआईन (भुजवाना) के पास मदाड़ नदी पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथ में ग्राम-जमुआईन (भुजवाना) के पास मदाड़ नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) स्वीकारात्मक है।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल घोरघट-धवई पथ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2006-07 में निर्मित पथ के आरेखन में अवस्थित है। उक्त स्थल पर 30 मीटर लम्बाई में पुल की आवश्यकता है। वर्तमान में उक्त आरेखन टी 02 घोरघट से पिरधु (सी०आर० 04) लम्बाई 5.859 कि०मी० के रूप में पी०एम०जी०एस०वाई० फेज-II में चयनित है। सर्वे कार्य कराया जाना है। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय से स्वीकृति के फलस्वरूप पथ के निर्माण के साथ पुल का निर्माण कराया जाना संभव हो सकेगा ।

-------------

सड़क एवं पुल का निर्माण

*832. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत दल्लेगाँव पंचायत के लोगों को मुख्य मार्ग तक आने-जाने के लिये सड़क एवं नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत कि जनता को मुख्य मार्ग तक आने-जाने के लिये सड़क एवं पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध का कालीकरण

*833. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल काढ़ा गोला में 5.5 किलोमीटर लाबा कटिहार नगर सुरक्षा तटबंध कटिहार शहर में आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ पर वित्तीय वर्ष 2017-18 में जी०एस०बी० कर आवागमन योग्य बनाया गया है। लेकिन भारी आवागमन के कारण जी०एस०बी० मटेरियल बिखर रहा है तथा आवागमन प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*834. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनबरसा प्रखंड के कोपा चौक से असनहीं होते हुये काशनगर लोकनाथ चौक तक की सड़क विगत चार वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कोपा चौक से असनहीं होते हुये काशनगर लोकनाथ चौक तक की जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*835. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड मुरौल पंचायत दिलखी गजपति में महमदपुर एस०एच० सड़क, पटेल चौक से तितरा अनुसूचित जाति रविदास टोला, नागेन्द्र राम के घर तक की सड़क जर्जर होने से वहां के स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पानी की व्यवस्था कराना

*836. श्री राजु तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज प्रखंड के सखवा (नगदाहा) बाँध 15 वर्ष पूर्व टूट गया था, बाँध टूटने से 6 माह बाद नहर पर ही बाँध बना दिया गया है, जिसके कारण 1500 फीट नहर बंद हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 1500 फीट नहर बंद होने के कारण सरेया पीपरा टिकुलिया, जितवारपुर सहित 20 गाँवों को नहर के माध्यम से पानी नहीं मिल रहा है जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या उक्त गाँवों में नहर बनाकर पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*837. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड मसौढ़ी के देवरिया पंचायत में स्थित ग्राम खैनिया एवं निसियावाँ पंचायत के ग्राम बीरकुंअर सिंह कॉलोनी का पथ कच्ची है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पंचायतों की कच्ची सड़कों को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*838. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत भगवानपुर हाट के दक्षिण सागर सुलतानपुर पंचायत के ग्राम-महना, नोनिया टोला में सड़क नहीं रहने से वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खासकर छात्र-छात्राओं को बरसात के समय में स्कूल जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*839. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विक्रम प्रखंड स्थित पंचायत सैहाबाद, कनपा के ग्राम-धनराज छपड़ा के निकट नहर पर पुल नहीं रहने से आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*840. श्री शम्भु नाथ यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रम्हपुर प्रखंड में बगेन से भादा भंसारी होते हुए लमका छपरा पिच रोड तक सड़क की लंबाई 10 किलो मीटर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बाँध पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप को चालू कराना

*841. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के अबुलहसनपुर पंचायत के अबुलहसनपुर ग्राम में सीताराम सिंह के घर के निकट एवं कैदार सिंह के बथान के निकट वर्ष 2004 में निर्मित राजकीय नलकूप ऑपरेटर के अभाव एवं डिलेवरी पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*842. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत बेला अवस्थित पुलिस लाइन से भास्कर नगर तक तथा ग्राम पंचायत कर्मा भगवान के ग्राम-धंधारा से ठाकुर बिगहा तक पथ जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर का पक्कीकरण करना

*843. श्री चंद्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर प्रखंड में उदेरा स्थान बराज से जुड़े आँगारी कैनाल एवं इसलामपुर कैनाल का पक्कीकरण कार्य विगत तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था एवं एक वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कैनाल के पक्कीकरण कार्य में काफी अनियमितता बरती गयी है, जिसके कारण दोनों कैनाल में दरार आ गया एवं टूटना प्रारंभ हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित कार्य में बरती गयी अनियमितता की जाँच कराने तथा कैनाल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*844. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत सोनो प्रखंड के असरहुआ शिव मंदिर से बोगैया, चोकीटाड़ होते हुये महेश्वरी, बंदरमारा तक एवं असरहुआ सड़क से मंडल टोला होते हुये सहदेव यादव के घर तक की सड़क कच्ची होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डैम का जीर्णोद्धार

*845. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के प्रखंड गोविन्दपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर के कोल महादेव डैम ग्राम पंचायत बुधवारा, सुघड़ही के लगभग दर्जनों गाँव के किसानों का पटवन का साधन है जो जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त डैम का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वीयर की मरम्मती

*846. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखंड के करहरिया पंचायत के पिपरा गाँव के निकट गहिरा नदी पर पुराना वीयर क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वीयर की मरम्मती कराने का विचार रखती ई, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा प्रदान करना

*847. श्री (मो०) शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकिहा प्रखंड के गिरदा पंचायत के सिगार मोहनी गाँव में आगलगी से 2016-17 में मो० करीम, पिता स्व० जलील सहित 08 घर जल गये थे, लेकिन आजतक इंदिरा आवास का निर्माण सहित अन्य आर्थिक मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त परिवारों को आवास का लाभ सहित अन्य आर्थिक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड भवन एवं आवास का निर्माण

*848. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के वंशी-प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड भवन का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड भवन का निर्माण न होने से प्रखंड के पदाधिकारियों कर्मचारियों को आवासन एवं कार्य संपादन में वर्षों से काफी परेशानियाँ हो रही हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में प्रखंड भवन एवं कर्मचारी/पदाधिकारी आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*849. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड-सुगौली का फुलवरिया पंचायत के बेगिया टोला अभीतक एकल सम्पर्कता पथ से वंचित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त टोला को एकल सम्पर्कता पथ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप को चालू कराना

*850. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के मदरना पंचायत के मोहिउद्दीनपुर ग्राम में मोहन चौक के निकट वर्ष 2004 में निर्मित राजकीय नलकूप ऑपरेटर के अभाव एवं डिलीवरी पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण दस वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूप को कबतक, चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*851. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मुजफ्फरपुर अन्तर्गत वर्ष 2017 में मुजफ्फरपुर जिला के सड़क एन० एच० 28 कांजी इण्डा चौक से ग्राम रघुनाथपुर, नवादा, सभापुर, मनशाही, मणिका, मणिकास्टेट बाँध होते हुये धोबहा तक जाने वाली सड़क का पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण हो चुका है, परन्तु अबतक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 10 जुलाई, 2019 (ई०)।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि०स०मु०-32 (एल०ए०), 2019-20 डी०डी०पी०-500